Page No 1
दैनिक भास्कर 5/12/23

डेवलपमेंट • रेलिंग बैरियर मेट्रो ट्रेन और रेल ट्रैक से उठने वाले शोर को कम कर देंगे

मेट्रो लाइन-1: एलिवेटेड रूट का 500 मीटर वायडक्ट तैयार, 100 मीटर में लगाए रेलिंग बैरियर

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

मेट्रो लाइन-1 में सबसे पहले ड्रीम सिटी से कापोद्रा के बीच 18.66 किमी रूट का काम दिसंबर 2024 तक पूरा किया जाना है। इस रूट के अलथान टेनामेंट और अलथान गाम के बीच 500 मीटर एलिवेटेड वायडक्ट तैयार कर लिया गया है। अब ट्रैक कार्य से पहले रेलिंग बैरियर लगाए जा रहे हैं। अलथान गाम से कम्युनिटी सेंटर तक लगभग 100 मीटर रूट पर रेलिंग बैरियर लगा दिए गए हैं।

ऐसे काम करेगा बैरियर | रेलिंग बैरियर 1 मीटर चौड़े कंक्रीट पैनल हैं। ये पैनल वायाडक्ट के दोनों ओर लगाए जा रहे हैं। ये ट्रेन और ट्रेन के निचले हिस्से से उत्पन्न होने वाली आवाज को विभाजित करेंगे। रेलिंग बैरियर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यात्रियों को बाहर के दृश्य देखने में बाधा नहीं आएगी।

ट्रैक प्रिपरेशन का काम भी शुरू होगा

मेट्रो रेल के एक अधिकारी ने बताया कि 500 मीटर वायडक्ट पर गर्डर लॉन्चिंग पूरा हो गई है, जबकि अन्य गर्डर लॉन्च करने का काम प्रगति पर है। अब ट्रैक प्रिपरेशन का काम भी शुरू होगा। इसके लिए अलथान सेक्शन पर रेलिंग बैरियर लगाने का काम से शुरू कर दिया है।